देश में बाढ़-बारिश से स्थिति विकराल

■ असम-गुजरात-जम्मू में बाढ़ से तबाही ■ मूसलाधार बारिश ने बढ़ाईं मुश्किलें

नई दिल्ली, 27 जुलाई. देश के कई हिस्सों में मानसून का असर लगातार तेज हो रहा है. भारी बारिश के कारण असम, गुजरात, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश समेत कई राज्यों में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति गंभीर हो गई है.

लगातार बारिश से कई क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित हुआ है, जबकि सड़क, पुल और अन्य महत्वपूर्ण ढांचों को भी नुकसान पहुंचा है. असम में बाढ़ की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक बनी हुई है. राज्य के कई जिले पानी में डूबे हुए हैं और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं. बाढ़ के कारण अब तक 60 से अधिक लोगों की मौत होने की जानकारी सामने आई है. प्रशासन की ओर से राहत शिविरों का संचालन किया जा रहा है, जहां प्रभावित लोगों को भोजन, पानी और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं. बचाव दल लगातार प्रभावित इलाकों में पहुंचकर लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा रहे हैं. गुजरात में भी भारी बारिश ने कई क्षेत्रों में मुश्किलें बढ़ा दी हैं. लगातार बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी भर गया है. प्रशासन ने राहत और बचाव अभियान तेज कर दिया है. बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन की टीमें तैनात हैं. जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में पहाड़ी इलाकों में बारिश का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है. कई स्थानों पर अचानक बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं. जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के देवल इलाके में भूस्खलन के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को सोमवार को यातायात के लिए बंद कर दिया गया. प्रभावित क्षेत्र में सड़क बहाली के लिए निकासी दल और भारी मशीनरी तैनात की गई है. हालांकि, अस्थिर मौसम और पहाड़ी क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए यात्रियों को फिलहाल राजमार्ग पर यात्रा नहीं करने की सलाह दी गई है.

तमिलनाडु में हीटवेव

चेन्नई ने अगले कुछ दिनों में तमिलनाडु के कई हिस्सों में दिन के तापमान में वृद्धि का पूर्वानुमान जताया है. मौसम विभाग के अनुसार, 30 जुलाई तक राज्य के आठ आंतरिक जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक रहने की संभावना है. मौसम विभाग ने पश्चिमी घाट और उत्तरी तटीय क्षेत्र के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की भी संभावना जताई है, जिससे कुछ इलाकों में लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने लोगों को विशेष रूप से दोपहर के समय लंबे समय तक धूप में रहने से बचने और गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी है.

जम्मू के सांबा-राजौरी में हाई अलर्ट

जम्मू, 27 जुलाई. सीमा पार से एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में हथियार और नशे की खेप भेजने की कोशिश हो रही है. सोमवार सुबह से ही जम्मू के दो अहम सीमावर्ती जिलों में चल रही हलचल ने इस आशंका को फिर हवा दे दी है. रविवार रात को जब पूरा इलाका गहरी नींद में था, तब सतर्क जवानों की नजरों ने आसमान में कुछ संदिग्ध हरकत देखी. इसके बाद जो हुआ, उसने पूरी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर ला दिया है. अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा और राजौरी जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के कई अग्रिम इलाकों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है. यह कार्रवाई रात में पाकिस्तानी ड्रोन देखे जाने की संदिग्ध गतिविधि के बाद की गई है. सेना के सतर्क जवानों ने यह ड्रोन गतिविधि दो अलग-अलग जगहों पर देखी. एक ड्रोन सांबा के नंदपुर सेक्टर में देखा गया.

छात्रों के खिलाफ पूरा सिस्टम जानलेवा

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर बोला हमला

युवा की आवाज को सुना जाए

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश के युवा रोजगार, शिक्षा और बेहतर भविष्य की मांग कर रहे हैं, ऐसे में उनकी आवाज को दबाने के बजाय सुना जाना चाहिए. सरकार और प्रशासन की ओर से किसी भी कार्रवाई को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के कदम के रूप में बताया जा सकता है. किसी भी घटना में हथियारों के इस्तेमाल या पुलिस कार्रवाई से जुड़े आरोपों की पुष्टि आधिकारिक जांच और तथ्यों के आधार पर ही की जा सकती है.

नई दिल्ली, 27 जुलाई। छात्र आंदोलनों को लेकर केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच राजनीतिक टकराव तेज हो गया है. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि देश में छात्रों के विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए कठोर तरीके अपनाए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि बिहार में छात्रों पर कथित रूप से एके-47 से गोली चलाने और दिल्ली में पैलेट गन के इस्तेमाल जैसी घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं.

राहुल गांधी ने बिहार में छात्र प्रदर्शन के दौरान हुई कथित पुलिस कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें ऐसी खबरें मिली हैं जिनमें प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने और बड़ी संख्या में छात्रों की गिरफ्तारी की बात कही गई है.

सुप्रीम कोर्ट में यूपी सरकार का बड़ा ऐलान

सभी की नौकरी सुरक्षित : योगी

लखनऊ, 27 जुलाई। उत्तर प्रदेश की 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती से जुड़े लंबे समय से चल रहे विवाद में सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पक्ष रखते हुए वर्ष 2020 में नियुक्त 67,867 शिक्षकों को बड़ी राहत देने की बात कही है.

सरकार ने अदालत में स्पष्ट किया कि इन शिक्षकों की नौकरी किसी भी स्थिति में समाप्त नहीं की जाएगी. यदि इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार संशोधित मेरिट सूची तैयार की जाती है और उसमें नए अभ्यर्थी पात्र पाए जाते हैं, तो उन्हें केवल उपलब्ध रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जाएगी. सरकार ने अपने पक्ष में कहा कि उसका उद्देश्य दोनों पक्षों के हितों की रक्षा करना है. एक ओर उन अभ्यर्थियों को अवसर दिया जाएगा जो संशोधित मेरिट सूची में चयन के पात्र बनते हैं, वहीं दूसरी ओर वर्षों से सरकारी विद्यालयों में सेवाएं दे रहे शिक्षकों को नौकरी से नहीं हटाया जाएगा.

सरकार का तर्क है कि इससे शिक्षा व्यवस्था भी प्रभावित नहीं होगी और हजारों परिवारों के सामने रोजगार का संकट भी नहीं खड़ा होगा. 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती उत्तर प्रदेश की सबसे चर्चित और विवादित भर्ती प्रक्रियाओं में से एक रही है.

एक होकर आवाज उठानी होगी : अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली 27 जुलाई. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है.

▸ **कॉस्टीट्यूशन क्लब में जुटने को कहा**
पेपर लीक के बाद अब ई 20 की बारी

उन्होंने कहा कि देश के युवाओं ने एकजुट होकर आवाज उठाई और सरकार को जवाबदेही तय करने के लिए मजबूर होना पड़ा. केजरीवाल ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को युवाओं और लोकतंत्र की बड़ी जीत बताया. केजरीवाल ने कहा कि जिस तरह युवाओं ने प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर अपनी आवाज बुलंद की, उसी तरह अब ई20 ईंधन के मुद्दे पर भी लोगों को एकजुट होकर अपनी बात रखनी चाहिए.

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि इस विषय पर सभी पक्षों को साथ लेकर समाधान निकाला जाए. आप प्रमुख ने घोषणा की कि शनिवार को दिल्ली में 'ई20 के खिलाफ राष्ट्रीय जनसंवाद' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोग ई20 ईंधन से जुड़े अपने विचार और चिंताएं सामने रख सकेंगे. इसमें लोग ऑनलाइन माध्यम से भी भाग ले सकेंगे. केजरीवाल ने कहा कि युवाओं की ताकत ने सरकार को झुकने पर मजबूर किया है और अब जनता को अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी अपनी आवाज उठानी चाहिए. उन्होंने ई20 ईंधन को लेकर व्यापक चर्चा की जरूरत बताई और कहा कि इस विषय पर सभी लोगों को साथ आना चाहिए. ई20 ईंधन यानी पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण को लेकर देश में पिछले कुछ समय से चर्चा जारी है. सरकार इसे पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता कम करने और किसानों को लाभ पहुंचाने वाली पहल के रूप में देखती है.

आज का इतिहास

1165- इबने अरबी का जन्म। वह अरबी के प्रसिद्ध सूफ़ी कवि, साधक और विचारक थे।
1586- इंगलैंड से वापस लौटने पर सर थामस हेरिओट ने यूरोप को आलू के बारे में बताया।
1821- पेरू ने स्पेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1914- प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत ऑस्ट्रिया-हंगरी द्वारा सर्बिया पर युद्ध की घोषणा के साथ हुई
1933- तरलोचन सिंह का जन्म। वह दुनिया भर में सिक्ख समुदाय के हक के लिए जाने जाते है।
1976 - चीन के तांगशान में आए 8.3 तीव्रता के भीषण भूकंप से भारी तबाही और लाखों मौतें हुईं।
1979 - चरण सिंह देश के पांचवें प्रधानमंत्री बने।
1995 - वियतनाम आसियान का सदस्य बना।
2001 - पाक पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद सिद्दकी ख़ान कंजू की हत्या की गई।

SOLAPUR MUNICIPAL CORPORATION, SOLAPUR
[UNDER AMRUT MISSION]

E-Tender Notice No. 03 for 2026-2027 [IVth Call]

Commissioner, Municipal Corporation, Solapur invites B-1 E-Tender for the work of ATAL MISSION for Underground Drainage Scheme under Amrut Programme. Designing, Providing, erecting, commissioning & giving satisfactory test & trial of Fresh Electric Power supply work with its allied equipments at C.S.No-40/2/B, 66/2 Desai Nagar STP in the State of Maharashtra, valued at Rs. 119.00 Lakhs. The e-Tender details are available on www.mahatenders.gov.in from date 27/07/2026.

All relevant dates will be as per the tender published in web portal www.mahatenders.gov.in.
Tender ID :- 2026-SMC-1321834-1

Sd/-
Additional Commissioner
Solapur Municipal Corporation, Solapur

IDBI BANK | वी.के. प्लाजा, सी 25/2, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, कोसमोस माल रोड के सामने, नानाखेड़ा, उज्जैन - 456001 फोन नं.: 0734-2550052, मोबाईल: 98260-81279, 98254-95859 | **ई-नीलामी विक्रय सूचना**

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना
परिशिष्ट-IV-क (नियम 8(6) के परन्तुक देखें)
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत चिल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता और खास तौर पर उधार लेने वाले (ऋणी एवं जमानतदार) और गिरवी रखने वाले (बंधककर्ता) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे बताई गई अचल संपत्ति , जिसे सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज किया गया था और जिसका भौतिक कब्जा आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है, उसे **जैसा है, जहाँ है , जैसा है, वैसा है और जो कुछ भी है** के आधार पर **02 सितंबर, 2026** को बेचा जाएगा। यह बिक्री **श्री सूरज पंवार (ऋणी एवं बंधककर्ता)** से आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) को देय **33,48,827.47 (तैंतीस लाख अड़तालीस हजार आठ सौ सत्ताइस रुपये और सैंतालीस पैसे)** की वसूली के लिए की जाएगी। यह राशि 11 जुलाई, 2025 तक बकाया थी, और इस पर 10.07.2025 से पूरी वसूली होने तक लागू ब्याज, साथ ही लागत और अन्य शुल्क भी देय होंगे।

सार्वजनिक ई-नीलामी की तारीख और समय: 02.09.2026 को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक, जिसमें 5-5 मिनट के अनलिमिटेड एक्स्टेंशन (समय बढ़ाने की सुविधा) होंगे।

बेची जाने वाली अचल संपत्ति का विवरण, उसका आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि नीचे दी गई तालिका में बताई गई है:

क्रं.	संपत्ति का विवरण (ज्ञात ऋण भार की सूची,यदि कोई हो)	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि	बिड वृद्धि राशि	निरीक्षण की दिनांक एवं समय
1.	संपत्ति के सभी प्रमुख अंग मकान नं. 38, एमआईजी-एसआर, एकलव्य परिसर, राम सिंह की चौकी, वार्ड नं. 01, तहसील एवं जिला अलिराजपुर (म.प्र.) 457887 पर स्थित अचल संपत्तियों में शामिल एवं उसका हिस्सा बनने वाली भूमि, **क्षेत्रफल: 135 वर्गमीटर, चर्तु:सीमा: उत्तर:** मकान नं. एमआईजी-39, **दक्षिण:** मकान नं. एमआईजी-37, **पूर्व:** मकान नं. एमआईजी-33, **पश्चिम:** 7.50 मीटर सड़क **भौतिक कब्जा: 07.07.2026** **ज्ञात ऋण भार की सूची : कोई नहीं**	₹ 42,77,000/-	₹ 4,30,000/-	₹ 10,000/-	18.08.2026 से समय प्रात: 11:00 बजे से 4:00 तक

महत्वपूर्ण तिथियाँ
बोली/टेंडर दस्तावेजों की बिक्री: 28.07.2026 से 01.09.2026
संपत्ति निरीक्षण की दिनांक : 18.08.2026 से 21.08.2026
धरोहर राशि के साथ ईएमडी राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 01.09.2026 (सायं 4 बजे तक)
ई-नीलामी की दिनांक : 02.09.2026
ई-नीलामी का समय : प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रत्येक 5 मिनिट के असीमित विस्तार के साथ

बिक्री से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया **www.bankeauctionwizard.com** तथा आईडीबीआई बैंक की आधिकारिक वेबसाइट **www.idbi.bank.in** पर उपलब्ध लिंक देखें। किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए इच्छुक पक्ष अधिकारियों **श्री कार्तिक वाला (शाखा प्रमुख, अलीराजपुर) मोबाइल: 98254-95859, ई-मेल: kartik.vala@idbi.co.in, श्री चंद्रेश कामतकर (रिकवरी अधिकारी), मोबाइल: 98260-81279, ई-मेल: Chandresh.kamatkar@idbi.co.in** से संपर्क कर सकते है। ई-नीलामी (E-Auction) सहायता के लिए इच्छुक पक्ष **श्रीमती बी. एम. सुष्मिता / श्री प्रवेश मणि त्रिपाठी, मोबाइल: 8951944383 / 9044314492, लैंडलाइन: 080-45982100, ई-मेल: sushmitha.b@antaressystems.com/ praveshmani.t@antaressystems.com.** पर संपर्क कर सकते है।

सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के तहत वैधानिक 30 दिनों की सूचना
इसके जरिए ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार को सूचित किया जाता है कि वे ऊपर बताई गई रकम, साथ ही उस पर लगने वाले अतिरिक्त ब्याज और खर्चों का भुगतान ई-नीलामी की तारीख से पहले कर दें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और बकाया रकम ब्याज और शुल्कों के साथ वसूल की जाएगी।

स्थान: इन्दौर, दिनांक: 28.07.2026 | **प्राधिकृत अधिकारी, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड**

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (Aadhar Housing Finance Ltd)
कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072
धार एवं मनावर शाखा: प्लॉट नंबर-70, प्रथम मंजिल, त्रिमूर्ति नगर, मेन रोड, जिला धार - 454001 (मध्य प्रदेश)

ई-नीलामी - बिक्री सूचना

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधाण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

क्रं.	ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/ जमानतदार	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (RP)	बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%)	कब्जे का प्रकार
1	(लोन कोड नं. 06800000148 एवं 06800000695 / धार शाखा) रामलाल बरफा (ऋणी) भानु बरफा (सह-ऋणी)	08-09-2023 & ₹ 8,46,266/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, पटवारी हल्का नंबर 13, पुराना 3/3, नया सेटलमेंट नंबर 438, तहसील मनावर, ज़िला धार - 454446 (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व: विक्रेता का शेष मकान, पश्चिम: गली, उत्तर: सार्वजनिक सड़क, दक्षिण: मनावर - बडवानी रोड	₹ 21,60,000/-	₹ 2,16,000/-	भौतिक
2	(लोन कोड नं. 16700000072 / मनावर शाखा) मनोज कुमार श्रीवास्तव (ऋणी) पुष्पा श्रीवास्तव (सह-ऋणी) प्रमोद श्रीवास्तव (जमानतदार)	06-11-2024 & ₹ 5,64,392/-	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, पंचायत रिकॉर्ड मकान नंबर 469 1, सर्वे नंबर 305 2 का भाग, ग्राम बाग स्थित, तहसील कुक्षी, ज़िला धार - 454221 (म.प्र.) **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व: सड़क, पश्चिम: सरकारी भूमि, उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: विनोद की भूमि	₹ 9,28,800/-	₹ 92,880/-	भौतिक

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **31-08-2026 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। **2.** संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **01-09-2026 दोपहर : 03:00 बजे से 04:00 बजे तक https://bankeauctions.com** पर है। **3.** जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी। **4.** डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए। **5.** नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें। **6.** इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/ signup,** लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं। **7.** अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, **दीपक मालवीय (संपर्क नंबर 7583898990)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com,** फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है। **8.** बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋ णदाता की वेबसाइट यानी **www.aadharhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें। **9.** नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है। **10.** यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरुप AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

स्थान : मध्यप्रदेश, दिनांक : 28.07.2026 | **सही/- प्राधिकृत अधिकारी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED
कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013, सर्कल ऑफिस पता - 9बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली - 110060

मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित। नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अंतर्गत कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी हैं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता(ओं)" को उन्हें जारी किए गए संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशियों को चुकाने के लिए कहा गया है, जो नीचे भी दिए गए हैं। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर, उक्त उधारकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर सीजीएचएफएल को नीचे दर्शाई गई राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, साथ ही नीचे उल्लिखित तिथि से लेकर भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू ब्याज भी देना होगा, जो उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों के साथ पढ़े गए ऋण समझौते के तहत देय होगा। ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, उक्त उधारकर्ता द्वारा सीजीएचएफएल को क्रमशः निम्नलिखित संपत्तियां गिरवी रखी गई हैं।

स. क्र.	उधारकर्ता (ओं)/गारंटर (ओं) का नाम (श्री/श्रीमती/सुश्री/मेसर्स)	मांग नोटिस की तिथि और राशि	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)
1.	(ऋण खाता सं.: 50300000834600 (पुराना) LNHLKGN000054696 (नया) (खातेगांव ब्रांच) मुकेश विश्वकर्मा (उधारकर्ता) रेखा बाई (सह-उधारकर्ता)	06.07.2026 रु. 6,95,443/- (03.07.2026 तक)	"वह पूरी प्रॉपर्टी जिसमें जमीन और बिल्डिंग शामिल है: इसका एरिया 945 वर्ग फीट (यानी 87.825 वर्ग मीटर) है। यह प्रॉपर्टी खसरा नंबर 238/1, पटवारी हल्का नंबर 29, गाँव पांगरा, ग्राम पंचायत भवनकर, रजिस्टर क्रमांक 48 भवन, तहसील कन्नौद, ज़िला देवास, मध्य प्रदेश-455440 में स्थित है। प्रॉपर्टी की सीमाएँ:- उत्तर - नंदलाल पटेल का घर, दक्षिण - सड़क, पूर्व - शिवप्रसाद पंचोली का घर, पश्चिम - नंदलाल पटेल का घर।"
1.	(ऋण खाता सं.: 50300000606100 (पुराना) LNHLALT000076048 (नया) (अलोट ब्रांच) शांतिलाल शांतिलाल (उधारकर्ता) रमाकन्या रमाकन्या (सह-उधारकर्ता)	06.07.2026 रु. 5,91,731/- (03.07.2026 तक)	वह पूरी प्रॉपर्टी जिसमें जमीन और बिल्डिंग शामिल है, जिसका जमीन का एरिया 1100 वर्ग फीट (यानी 102.10 वर्ग मीटर) है; यह प्रॉपर्टी सर्वे नंबर 272/1/10/1/2/1/1/1/1/1/1/1/1/1, पीएच नंबर 31/74, गाँव भीमखेड़ा, तहसील महिदपुर, ज़िला उज्जैन, मध्य प्रदेश 456441 पर स्थित है।

यदि उक्त उधारकर्ता सीजीएचएफएल को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो सीजीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही करेगा, जो पूरी तरह से उक्त उधारकताओं के लागत और परिणामों के जोखिम पर होगी। उक्त उधारकताओं को अधिनियम के तहत सीजीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त परिसंपत्तियों को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अभिनेता नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन करने के लिए उकसाता है, अधिनियम के तहत प्रदान किए गए कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान: देवास, उज्जैन | **एसडी/- (प्राधिकृत अधिकारी),**
दिनांक: 28.07.2026 | **केप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) के लिए**

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय सनावद
जिला खरगोन (म. प्र.)
Email:- polyswd@gmail.com

क्रमांक/शापोमस/प्रवेश/07/2026/ सनावद, दिनांक

// कॉलेज लेवल काउंसलिंग (CLC) 10 वी के आधार पर तथा लेटरल इन्ट्री, आई.टी.आई / 12 वी गणित के आधार पर ऑटोमोबाईल (AE), सिविल (CE), कम्प्यूटर साइंस (CS), इलेक्ट्रीकल (EE), इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन (ET), मैकेनिकल (ME) इंजी. में प्रवेश हेतु सूचना //

केंद्रीकृत काउंसलिंग के पश्चात रिक्त रह गई सीटों पर प्रवेश हेतु संस्था स्तर पर तथा लेटरल इन्ट्री के माध्यम से प्रवेश की कार्यवाही निम्नानुसार होगी।

ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन	संस्था में प्रवेश हेतु उपस्थित होने की स्थिति एवं समय
एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर CLC रजिस्ट्रेशन आज दिनांक से 12/08/2026 तक करे तथा दिनांक 13/08/2026 से 14/08/2026 को दोपहर 12.30 बजे तक करे	आज दिनांक से 12/08/2026 तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को प्रातः 10.30 से सायं 06:30 तक तथा दिनांक 14/08/2026 को प्रातः 10.30 से साय 06:30 तक
लेटरल इन्ट्री (जनरल पुल / CLC)	
एमपी ऑनलाईन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन आज दिनांक से 26/07/2026 को रात्रि 11.45 बजे तक करे	दिनांक 03/08/2026 से 08/08/2026 तक प्रातः 10.30 से साय 06:30 तक
रिक्त रह गई सीटो पर CLC के लिए रजिस्ट्रेशन (प्रथम चरण) दिनांक 07/08/2026 से 10/08/2026 तक करे तथा (द्वितीय चरण) दिनांक 12/08/2026 से 14/08/2026 को दोपहर 12.30 बजे तक करे	दिनांक 11/08/2026 को प्रातः 10.30 से सायं 06:30 तक तथा दिनांक 14/08/2026 को प्रातः 10.30 से साय 06:30 तक

विस्तृत जानकारी हेतु सम्पर्क :- 9399402021, 7987218114, 7582923391, 881710662, 9753946611, 9174740970

(सी.जी. प्रकोल्य)
प्राचार्य
शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय सनावद

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (Aadhar Housing Finance Ltd)
कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र - 400072
रतलाम शाखा: ग्राउण्ड फ्लोर, 19, पैलेस रोड, चिंतामन गणेश मंदिर के सामने, रतलाम - 457001 (मध्य प्रदेश)
मंदसौर शाखा : मकान नं. 164, गांधी मार्केट वार्ड-13, यशोधाम मार्ग, झोन नं. 07, नूतन स्कूल के सामने, मंदसौर-458001 (मध्य प्रदेश)

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्